पंजाब केसरी 25/08/24

जी.एम.एन. कॉलेज में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया

प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 24 अगस्त (ब्यूरो): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी की गर्ल्स एनसीसी इकाई तथा भौतिक विभाग द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया।

कैडेट्स द्वारा पोस्टर बनाए गए, इसमें 18 कैडेट्स ने भाग लिया। कैडेट्स के लिए आर्टिकल लेखन प्रतियोगिता रखी गई थी, जिसमें22 कैडेट्स ने सक्रिय भूमिका निभाई थी।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने अभिभाषण में विद्यार्थियों को इस दिवस को मनाने का कारण बताते हुए कहा कि पिछले वर्ष चंद्रयान-3 के सफल होने के उपलक्ष में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मानना सुनिश्चित किया गया था। भौतिक विभाग के प्रभारी एस.के. पांडे ने चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग के विषय में छात्रों को बताया कि हमारा अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान इसरो की स्थापना 1969 में की गई और इसके माध्यम से दो उन्नत रॉकेट प्रणाली पीएसएलवी तथा जीएसएलवी का विकास किया गया।

एनसीसी विंग्स की सीटीओ डा. तृप्ति शर्मा ने बताया कि ये दोनों ही कार्यक्रम एक हरियाणा बटालियन के निर्देशानुसार किए गए है।